Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding flood problem due to Gandak River in Gopalganj Parliamentary Constituency.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज से बाल्मीकीनगर के बैराज से अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के चलते गंडक नदी में आई विनाशकारी बाढ़ से गंडक नदी का रिंग बांध तथा सारण तटबंध कई जगहों पर टूट गया है, जिससे हमारे क्षेत्र के छह प्रखंड के दो सौ गांवों की दो लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। मेरे संसदीय क्षेत्र में गंडक नदी अस्सी किलोमीटर में बहती है जिसमें आठ डेंजर पाइंट्स हैं।

यदि बांध में बोल्डर्स लगा दिए जाएं और किनारों को सीमेंटेड कर दिया जाए तो कटाव को स्थायी रूप से रोका जा सकता है। अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि एक केन्द्रीय टीम भेज कर इसका स्थायी समाधान करने की कृपा करें, क्योंकि यह समस्या नेपाल से भी जुड़ी हुई है।